# बिहार सरकार

## जल संसाधन विभाग

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, मुजफ्फरपुर
E-mail : wwdivision2014@gmail.com /mobile-7463889909

## अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–04 / 2019-20

पत्रांकः– 122 / मुजफ्फरपुर / दिनांकः– 24.02.2020

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, मुजफ्फरपुर
2. निविदा प्रपत्र की बिक्री की तिथि :– दिनांक 02.03.2020 से 05.03.2020 के 3.00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 06.03.2020 3:00 बजे अपराहन तक।
4. तकनीकी बिड खुलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 06.03.2020 3:30 बजे अपराहन ।
5. निविदा प्रपत्र की बिक्री की कार्यालय :–
   1. मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, मुजफ्फरपुर।
   2. अधीक्षण अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण अंचल, मुजफ्फरपुर
   3. कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल , मुजफ्फरपुर
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– क्रमांक–5 के सभी कार्यालयों में।
7. वित्तीय बीड खोलने की तिथि, समय एवं स्थान :– सक्षम पदाधिकारी द्वारा बाद में घोषित की जायेगी।
8. कार्य की विवरणी :–

| ग्रुप सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि ( लाख रू0में ) | अग्रधन की राशि ( लाख रू0 में ) | परिमाण विपत्र का मूल्य (अप्रत्यर्पणीय ) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बूढ़ी गंडक दॉयाँ तटबंध अखाडाघाट से नीचे 33.50 कि0मी0 ढ़ोली ग्राम स्थल पर कटाव निरोधक कार्य । | 14.23 | 0.286 | 2500.00 | 15.05.2020 |

9. निविदा से संबंधित विस्तृत शर्त्त , नियम , अर्हता , अग्रधन का स्वरूप , निविदा की प्रक्रिया एवं अन्य जानकारी के लिए परिमाण विपत्र बिक्री स्थल से संपर्क किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, मुजफ्फरपुर
24.02.2020

नियम एवं शर्त्ते

1. पथ निर्माण विभाग, बिहार सरकार के अधिसूचना संख्या 13589(S) पटना दिनांक 13.12.11 के कंडिका –4 के उप कंडिका (च) में निहित प्रावधान के अनुसार रू0 2500000.00 (पच्चीस लाख) तक के कार्यो के निविदा में श्रेणी–4 में निबंधित संवेदक ही भाग ले सकेंगे।

2. निविदा प्रपत्र वर्णित मूल्य के बैंक ड्राफ्ट, जो किसी राष्ट्रीयकृत/अधिसूचित बैंक से निर्गत हो तथा कार्यपालक अभियंता ,बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, मुजफ्फरपुर को भुगतेय हो जमा करने पर प्राप्त किया जा सकेगा। परिमाण विपत्र का मूल्य लौटाया नहीं जाएगा।

3. निविदा दो मुहरबंद (लाह/चपड़ा से सील) लिफाफे में क्रमांक 01 एवं 02 जिसमें क्रमशः प्री–क्वालिफिकेशन बीड तथा प्राइस बीड रहेगा। दोनो लिफाफे को एक बड़े लिफाफे में सील कर समर्पित करना होगा। निविदा प्राप्त करने/खोलने की तिथि को क्रमांक 05 में उल्लेखित सभी कार्यालयों में मात्र प्री–क्वालिफिकेशन वाले लिफाफे को ही खोला जाएगा। प्री–क्वालिफिकेशन बीड में सफल निविदाकारों का दूसरा लिफाफा (प्राइस बीड) सक्षम पदाधिकारी द्वारा निविदाकारों को सूचित कर निर्धारित तिथि को खोला जाएगा। प्री–क्वालिफिकेशन बीड में सफल निविदादाताओं का ही दूसरा लिफाफा (वित्तीय बीड/प्राइस बीड) खोला जाएगा। प्रीक्वालिफिकेशन बीड एवं प्राइस बीड का लिफाफा निविदादाताओं या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जाएगा। लिफाफा खोलने के निर्धारित समय पर निविदादाता या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि के अनुपस्थित रहने की स्थिति में सक्षम पदाधिकारी द्वारा लिफाफों को खोला जाएगा जो अनुपस्थित निविदादाताओं के लिए मान्य होगा।

4. निविदादाताओं को प्री क्वालिफिकेशन बीड के साथ निम्नलिखित एवं अभिप्रमाणित दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य होगा।
   (क) निविदादाता का समुचित श्रेणी में निबंधित होने का अद्यतन प्रमाण पत्र।
   (ख) निर्गत परिमाण विपत्र में अंकित अग्रधन की राशि जो राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक के फिक्सड डिपोजिट रसीद (जो निविदा प्राप्ति की तिथि के छः माह बाद तक मान्य हो)। डाकघर का बचत पासबुक एक/दो/तीन वर्षीय सावधि जमा राज्य के अन्दर राष्ट्रीय बचत प्रमाण पत्र/पांच वर्षीय राष्ट्रीय विकास बांड /अन्यथा बिहार लोक निर्माण विभाग संहिता/वित्त नियमावली में प्रावधानित किसी भी रूप में कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, मुजफ्फरपुर के पदनाम से विधिवत प्रतिज्ञित करा कर संलग्न करना होगा। निविदा सूचना निर्गत की तिथि के पूर्व प्रतिज्ञित की मान्यता नहीं दी जाएगी।
   (ग) निम्न आशय का शपथ पत्र (Affidavit) निविदा के साथ समर्पित करना होगा।

   " I, the undersigned, do hereby certify that all the statements made in the required attachments are true and correct, and if found fake/forged, the undersigned will be liable for infliction upon the FIR and lawful punishment as well as black listing".

5. वित्तीय बीड में संवेदक द्वारा शब्द एवं अंक में दर अंकित किया जाएगा जो दशमलव के दो अंक तक मान्य होगा।
6. विभागीय निर्माण सामग्री उपलब्ध रहने पर संवेदक को निर्गत किया जा सकता है जिसके विरूद्ध निर्धारित दर पर विपत्र से कटौती कर ली जाएगी।
7. बिना कारण बताए निविदा रद्द/विस्तारित करने का अधिकार सुरक्षित है।
8. संवेदक के विपत्र से 1 प्रतिशत (एक प्रतिशत) सेस की राशि भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड मद हेतु कटौती की जाएगी।
9. संवेदक का जी0एस0टी0 निबंधन अनिवार्य होगा एवं समय–समय पर मान्य दरों के अनुरूप कटौती की जायेगी।
10. कार्य की प्राक्कलित राशि एवं मात्रा में घटोत्तरी एवं बढ़ोत्तरी हो सकती है। तदनुसार अग्रधन की देय राशि संशोधित समझी जायेगी।
11. सशर्त निविदा मान्य नहीं होगा।
12. निविदाओं में निविदित दर की न्यूनतम अधिसीमा निर्धारित के संबंध में विभागीय पत्रांक–1/पी0एम0सी0/विविध/957/2014–50 दिनांक 20.01.2020 मान्य होगा।
13. संवेदक को सभी कार्य विस्तृत परिमाण विपत्र में वर्णित शर्तें एवं स्वीकृत कार्य के अनुसार कराना अनिवार्य होगा। जल संसाधन विभाग बिहार सरकार द्वारा निविदा से संबंधित सभी अद्यतन अनुदेश एवं शर्तें मान्य होगी।
14. कार्य में प्रयुक्त सामग्रियों के रोयालिटी एवं मालिकाना फीस के संबंध में जल संसाधन विभाग, बिहार सरकार का ज्ञापांक–599 दिनांक–06.12.2019 प्रभावी होगा।
15. तकनीकी बीड में कई सफल निविदादाताओं का समान न्यूनतम निविदित दर की स्थिति में सफल निविदादाता का चयन पुनरीक्षित लोक निर्माण संहिता के आलोक में लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा।
16. निविदादाताओं को लिफाफे के उपर अपना दूरभाष संख्या/मोबाईल संख्या एवं ई.मेल आई.डी. (यदि उपलब्ध हो) संलग्न करना होगा ताकि निविदा से संबंधित किसी प्रकार की सूचना ससमय दी जा सके।
17. विशेष जानकारी के लिए कार्यालय अवधि में अधोहस्ताक्षरी से मिले या सूचना पट्ट पर देखें।

ह0/-

कार्यपालक अभियंता
बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, मुजफ्फरपुर

पत्रांक– 122 / मुज0/दिनांक 24.02.2020

प्रतिलिपि : जन संपर्क पदाधिकारी , जल संसाधन विभाग, बिहार –पटना को सात प्रतियों में (सी0डी0 सहित) किन्ही दो लगातार समाचार पत्रों में प्रकाशनार्थ प्रेषित ।

अनु– 1. निविदा सूचना सात प्रतियों में ।
2. सी0डी– एक अदद।

24/02/2020

कार्यपालक अभियंता
बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, मुजफ्फरपुर
24.02.2020